Weekly G.K. Dose

1. इटली के प्रधानमंत्री रेंजी ने की इस्तीफे की घोषणा

इटली के प्रधानमंत्री मैटियो रेंजी ने घोषणा की है कि संवैधानिक सुधार पर जनमत संग्रह में हार मिलने के बाद वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

- करीब 70 प्रतिशत इतालवियों ने वोट डाला। इस जनमत संग्रह में काफी कुछ दांव पर लगा होने और विभिन्न अहम मामलों के इससे जुड़े होने के कारण असाधारण रूप से बड़ी संख्या में मतदान हुआ।
- रेंजी के बाद काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के लिए वित्त मंत्री पियर कालरे पैडोआन सर्वाधिक लोकप्रिय उम्मीदवार हैं। इटली के प्रधानमंत्री को औपचारिक रूप से काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स का अध्यक्ष कहा जाता है।

इटली

- **राजधानी: रोम**
- **मुद्रा: यूरो**

2. न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री जॉन की ने अचानक इस्तीफा दिया

न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री जॉन की ने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के ऐलान ने सभी को चौंका दिया है। की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'मेरे राजनीति छोड़ने का यह सही समय है।'

- मेरिल लिंच जैसी कंपनी के साथ काम कर चुके पूर्व फॉरेन एक्सचेंज डीलर 55 साल के जॉन की 2008 में न्यूजीलैंड पीएम चुने गए थे।
-

न्यूज़ीलैंड

- **मुद्रा: डॉलर**
- **राजधानी: वेलिंगटन**

3. भारत, कतर में वीजा, साइबरस्पेस, निवेश पर पांच समझौते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कतर के समकक्ष शेख अब्दुल बिन नासिर बिन खलीफा अल थानी की अगुवाई में रक्षा सहयोग, साईबर सुरक्षा मनी लॉड्रिंग आदि पर प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत हुई ।

- बातचीत के बाद पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें वीजा, साइबर स्पेस और निवेश प्रमुख हैं।

कतर

- **मुद्रा:रियाल**
- **राजधानी: दोहा**

4. हार्ट ऑफ एशिया कॉन्फ्रेंस का अमृतसर में समापन

छठे हार्ट ऑफ एशिया मंत्रिस्तरीय सम्मेलन शांति, सहयोग और अफगानिस्तान में आर्थिक विकास पर चर्चा के बाद अमृतसर में संपन्न हुआ।

- लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों ने थीम 'Addressing Challenges, Achieving Prosperity' पर आयोजित सम्मेलन में भाग लिया।

5. एयरटेल पेमेंट बैंक देगा जमा के बदले टॉकटाइम

दिग्गज टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल के पेमेंट बैंक ने जमा राशि पर टॉकटाइम देने का ऑफर पेश किया है। कंपनी के ऑफर के मुताबिक आपको पेमेंट बैंक में जमा कराए गए हर रुपये के बदले में एयरटेल मोबाइल पर टॉकटाइम मिलेगा।

- यदि कस्टमर 1,000 रुपये की राशि जमा कर खाता खोलता है तो उसे एयरटेल मोबाइल नंबर पर 1,000 रुपये का टॉकटाइम मिलेगा।
- इस टॉकटाइम को पूरे भारत में एयरटेल टू एयरटेल कॉलिंग में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- कंपनी का यह ऑफर पहली बार डिपॉजिट करने पर ही लागू होगा। इसकी वैलिडिटी 30 दिन की होगी।

6. रुचि सोया किसानों को बैंकिंग सहायता प्रदान करेगी

खाद्य तेल फर्म रुचि सोया इंडस्ट्रीज ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सहयोग से किसानों को बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक पहल शुरू की है।

- किसान कल्याण आयोजन' नामक पहल के तहत कंपनी किसानों को बैंक खाता खोलने, किसानों को सही दाम उपलब्ध कराने तथा इंटरनेट बैंकिंग में मदद करेगी।
- कंपनी सोयाबीन, सरसों उगाने वाले 10 लाख किसानों से साथ जुडी हुई है।

7. भारतीय मूल की कहकशां को बाल शांति पुरस्कार

भारतीय मूल की 16 वर्षीय कहकशां बसु को इस साल का अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार दिया गया है। कहकशां संयुक्त अरब अमीरात में रहती हैं। यह पुरस्कार उन्हें पर्यावरण और जलवायु के लिए संघर्ष करने की वजह से दिया गया।

- कहकशां बसु को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस ने हेग में एक समारोह के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया।

8. दिल्ली एयरपोर्ट 22वां मोस्ट कनेक्टेड

हवाई यात्रा खुफिया कंपनी OAG के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीटी) नई दिल्ली में दुनिया में 22वां सर्वाधिक कनेक्टेड हवाई अड्डा है।

- मुंबई हवाई अड्डे को 28वां स्थान दिया गया है।
- अमेरिका के शिकागो एयरपोर्ट, अटलांटा एयरपोर्ट और डलास एयरपोर्ट क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

9. जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए कोलकाता को अवॉर्ड

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सिलसिले में प्रेरणादायी और अभिनव कार्यक्रम चलाने के लिए कोलकाता और दुनिया के 10 अन्य शहरों को वर्ष 2016 के सर्वश्रेष्ठ शहर का अवॉर्ड दिया गया।

- यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करनेवाला कोलकाता एकमात्र भारतीय शहर है।
- यह पुरस्कार मेक्सिको सिटी में मेयरों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सी40 के मौके पर दिया गया।
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले शहरों में अदीस अबाबा, कोपेनहेगन, कुर्तिबा, सिडनी और मेलबर्न, पेरिस, पोर्टलैंड, सोल, शेन्जेन और योकोहामा भी शामिल हैं।

10. श्रीनिधि शेट्टी बनी मिस सुपर नेचुरल

मेंगलुरु की श्रीनिधि शेट्टी को क्राइनिका द्रोज, पोलैंड में एक भव्य समारोह में मिस सुपर नेचुरल 2016 का ताज पहनाया गया। उन्होंने मिस एशिया-ओसियाना का खिताब भी जीता।

- श्रीनिधि 2014 में आशा भट्ट के बाद खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय है

- भारत पहला देश है जिसने तीन साल में दो बार मिस सुपर नेचुरल खिताब जीता है।

11. स्टार स्क्रीन पुरस्कार 2016

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: पिंक
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (मेल): अमिताभ बच्चन
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (फीमेल):: आलिया भट्ट
- लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार: रेखा
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स च्वॉइस): सुशांत सिंह राजपूत
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स च्वॉइस): स्वरा भास्कर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: राम माधवानी (नीरजा)

12. लगातार छठी बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपनी बादशाहत साबित करते हुए पाकिस्तान को एशिया कप- 2016 के फाइनल में हराकर छठा एशिया कप खिताब जीत लिया है।

- टीम इंडिया ने भारत की तरफ से पूर्व कप्तान व ओपनर मिताली राज ने 65 गेंद में 73 रन बनाए। भारतीय टीम ने कुल 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 121 रन बनाए।
- जवाब में पाकिस्तानी टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 104 रन ही बना सकी और भारत ने मैच 17 रन से जीत लिया।

13. बोल्ट को IAAF बेस्ट एथलीट का अवॉर्ड

उसेन बोल्ट को ट्रैक एवं फील्ड का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट चुना गया है। उन्हें खेल की संचालन संस्था आईएएएफ के वार्षिक पुरस्कार के लिए छठी बार चुना गया है।

- ओलंपिक में महिला 10000 मीटर में विश्व रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली इथोपिया की अल्माज अयाना को महिला वर्ग का पुरस्कार मिला.
- बोल्ट 2017 में लंदन में वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास लेंगे.

14. भारत 2022 के फीफा वर्ल्ड कप के लिए कतर पुलिस को देगा प्रशिक्षण

भारत कतर की पुलिस को फीफा वर्ल्ड कप, 2022 के लिए प्रशिक्षण देगा।

- कतर के प्रधानमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन नासर बिन खलीफा अल थानी और केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के बीच भेंट के दौरान इस संबंध में सहमति बनी।
- गृह मंत्रालय का भी प्रभार संभाल रहे अल थानी ने सिंह को द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग मजबूत करने के लिए कतर आने का न्यौता दिया। कतर फीफा वर्ल्ड कप, 2022 की मेजबानी की तैयारी में जुटा है।

15. मशहूर शायर व पूर्व राज्यसभा सांसद बेकल उत्साही का निधन

मशहूर शायर और पूर्व राज्यसभा सदस्य पद्मश्री बेकल उत्साही का शनिवार को निधन हो गया। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। ब्रेन हैमरेज के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेकल 88 वर्ष के थे।

- 1976 में उन्हें राष्ट्रपति ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया।
- उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने यश भारती सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

16. अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस: 5 दिसंबर

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस जिसे 5 दिसंबर को मनाया जाता है, 1985 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था।

- इस वर्ष इसकी थीम “Global Applause – give volunteers a hand" है।

17. राष्ट्रपति ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव – 2016 का उद्घाटन किया

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी 6 दिसंबर, 2016 को हरियाणा के दौरे पर हैं, जहां उन्होनें कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2016 का उद्घाटन किया।

- यह महोत्सव आधुनिक समय में हमारी जिंदगी में गीता के महत्व को दर्शाता है।

18. कोंकण 16 अभ्यास शुरु

भारतीय नौसेना और रॉयल नेवी के बीच वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास का 2016 संस्करण कोंकण 16 को मुंबई और गोवा में 05 से 16 दिसम्बर, 2016 तक आयोजित किया जाएगा।

- कोंकण अभ्यास का नाम भारत के पश्चिमी तटीय क्षेत्र के नाम पर रखा गया है, जिसे 2004 में संस्थापित किया गया था।
- तब से दोनों नौसेनाओं द्वारा इसकी बारी-बारी से मेज़बानी की जाती है और इसकी जटिलता, पैमाने और तीव्रता में लगातार वृद्धि हो रही है।

19. आरबीआई ने एमएसएस की सीमा बढ़ाकर 6 लाख करोड़ की

नोटबंदी के चलते आरबीआई ने सिस्टम से ज्यादा नकदी खींचने के लिये एमएसएस यानि बाजार स्थिरीकरण योजना की सीमा में बदलाव किया है। आरबीआई ने एमएसएस सीमा 30,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6 लाख करोड़ रुपये कर दी है।

- आर्थिक मामलों के सचिव शशिकांत दास ने कहा कि आरबीआई इस सीमा के तहत आवश्यकता के अनुरुप परिचालन करेगी।

20. केपीएमजी, माइक्रोसॉफ्ट ने डिटिजल सेवाओं के लिए मिलाया हाथ

केपीएमजी और माइक्रोसॉफ्ट ने रणनीतिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) सलाहकार भागीदारी की घोषणा की, ताकि देश के बड़े और मध्यम उद्यमों के डिजिटल परिवर्तन में तेजी आए।

- यह आईओटी सलाहकार उद्योगों को क्लाउड आधारित समाधान, आईओटी के माध्यम से परिचालन अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने, बेहतर ग्राहक संबंध प्रबंधन और विश्लेषण, संगठनात्मक चपलता में सुधार और कार्यबल की गतिशीलता में वृद्धि करने में मदद करेगा।

21. अमेज़न ने भारत में 'अमेजन लांचपैड' की पेशकश की

ई-कॉमर्स की कंपनी अमेज़न ने भारत में अपने बहुप्रतीक्षित ग्लोबल प्रोग्राम-'अमेजन लांचपैड' को शुरू करने की घोषणा की है।

- लांच पैड पोर्टल www.amazon.in/launchpad पर 25 भारतीय स्टार्ट अप सहित करीब 400 स्टार्ट अप के उत्पाद उपलब्ध होंगे।

22. ओ पन्नीरसेल्वम बने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री

तमिलनाडु की सीएम जे जयललिता के निधन बाद ओ पन्नीरसेल्वम को अन्नाद्रमुक ने पार्टी का नया नेता चुन लिया और उन्होनें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

- राज्यपाल सी विद्यासागर राव ने मुख्यमंत्री के रूप में उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- पन्नीरसेल्वम तीसरी बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने हैं।

23. मोदी ने जीता 'टाईम पर्सन ऑफ द ईयर' का रीडर्स पोल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिष्ठित पत्रिका टाईम की 'टाईम पर्सन ऑफ़ द ईयर 2016' ख़िताब के लिए पाठकों के बीच हुई ऑनलाईन वोटिंग के विजेता घोषित किए गए हैं।

- मोदी ने 18 फीसदी वोटों के साथ इस रीडर्स पोल में बराक ओबामा, डोनल्ड ट्रंप और जूलियन असांज जैसी शख्सियतों को पछाड़ा है।
- टाईम पर्सन ऑफ़ द ईयर की घोषणा 7 दिसंबर को की जाएगी।
- पिछले वर्ष यह खिताब जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को मिला था।

24. फ्लिपकार्ट के फाउंडर, सचिन बंसल और बिन्नी बंसल बने एशियन ऑफ द ईयर

सचिन बंसल और बिन्नी बंसल को स्ट्रेट्स टाइम्स ऑफ सिंगापुर ने एशियन ऑफ इ ईयर 2016 की उपाधि से नवाजा है।

- इस साल से शुरूआत में ही सचिन बसंल और बिन्नी बसंल को टाइम मैगजीन ने विश्व के 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था।
- साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस खिताब से सम्मानित किया गया था।

25. मुकेश कुमार ने पैनासॉनिक ओपन जीता

भारतीय गॉल्फर मुकेश कुमार पैनासॉनिक ओपन को जीतकर एशियाई टूर खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज गॉल्फर बन गये। धुंध के कारण इसे 54 होल का कर दिया गया था।

- 51 वर्षीय मुकेश जिन्होंने 123 पीजीटीआई खिताब जीते हैं, ने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर 10 अंडर 206 का रहा और उन्होंने ट्रोफी अपने नाम की, जो उनका एशियाई टूर में पहला खिताब है

26. तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता का निधन

तमिलनाडु की सीएम जे जयललिता का 74 दिन तक अस्पताल में रहने के बाद निधन हो गया। अपोलो अस्पताल ने प्रेस रिलीज जारी कर उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि की। वह 68 वर्ष की थी।

- जयललिता 1991 में पहली बार तमिलनाडु की की सीएम बनीं।
- उन्होनें अभिनेत्री के रूप में करीब 200 फिल्मों में भी काम किया था।

27. पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर सुजलाना का निधन

पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर और अनुभवी प्रशासक फुलेल सिंह सुजलाना का मुबंई में निधन हो गया।

- उन्होंने बैंकॉक में 1978 एशियाई खेलों के दौरान पहली बार अंपायर के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी संभाली थी।

28. इंडिया यूएस रिलेशंस इन द एज ऑफ अनसर्टेंटी: बी एम जैन की पुस्तक

लंबे समय तक अमेरिका पर नजर रखने वाले बी एम जैन की पुस्तक 'इंडिया यूएस रिलेशंस इन द एज ऑफ अनसर्टेंटी' हाल ही में रिलीज हुई है।

- पुस्तक भारत व अमेरिका के रिश्तों तथा मोदी-ट्रंप युग में इनके भविष्य के बारे में बताती है।

29. नीति आयोग हर जिले को 5 लाख रुपये ट्रांसफर करेगा

नीति आयोग डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन देने के प्रयास के तहत इलेक्ट्रानिक भुगतान का विकल्प अपनाने वाले प्रत्येक नागरिकों के लिये संबंधित जिलाधिकारियों के लिये प्रोत्साहन योजना लेकर आया है।

- इसके अनुसार आयोग हर जिले के अधिकारियों को तत्काल पांच लाख रुपये हस्तातंरित करेगा।
- प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिये जिला कलेक्टर, आयुक्त या मजिस्ट्रेट को यह सुनिश्चित करना होगा कि व्यक्ति विनिर्दिष्ट पांच तरीकों में से किसी एक के जरिये कम-से-कम दो सफल नकद रहित लेन-देन करे। इन माध्यमों में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), आधार के जरिये भुगतान, ई-वालेट तथा रुपे प्रीपेड कार्ड शामिल हैं।

<u>नीति आयोग</u>

- **अध्यक्ष: प्रधानमंत्री**
- **उपाध्यक्ष: अरविंद पनगढ़िया**
- **सीईओ: अमिताभ कांत**

30. जल दिवस के रूप में मनाया जाएगा डॉ.अम्बेडकर का जन्मदिन

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री उमा भारती ने जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए घोषणा की है कि उनके जन्म दिवस 14 अप्रैल को ''जल दिवस'' के रूप में मनाया जायेगा।

- मंत्री ने कहा, ''आने वाले दिनों में पानी भारत सरकार का महत्वपूर्ण एजेंडा बनने वाला है।''

31. नायडू ने 'एपी पर्स' लांच किया

आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबु नायडू ने 'एपी पर्स' नाम के मोबाइल ऐप्लीकेशन की शुरुआत की है।

- नायडू ने कहा कि इस पर्स में 13 मोबाईल बैंकिंग व 10 मोबाईल वॉलेट उपलब्ध है जिनए द्वारा बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

<u>आंध्र प्रदेश</u>

• मुख्यमंत्री: एन चंद्रबाबू नायडू

• राज्यपाल: ई एस एल नरसिम्हन

• राजधानी: आंध्र प्रदेश (अमरावती 2024 से प्रस्तावित राजधानी है)

32. महाराष्ट्र सरकार महा-वॉलेट शुरु करेगी

महाराष्ट्र पहला राज्य बनने जा रहा है जिसका अपना खुद का 'एम वॉलेट' होगा जिसके द्वारा पेटीएम व मोबिक्विक की तरह फंड ट्रांसफर किया जा सकेगा।

- 'महावॉलेट' के अगले 15 दिनों में शुरू होने की उम्मीद है।
- आम सेवाओं को छोड़कर, 'महावॉलेट' उपयोगकर्ताओं को बिजली और पानी के बिलों का भुगतान करने की अनुमति भी देगा।

महाराष्ट्र

• मुख्यमंत्री: देवेंद्र फडणवीस

• राज्यपाल: सी विद्यासागर राव

• राजधानी: मुंबई

33. स्वर्ण सिक्कों को बेचने के लिए एमएमटीसी का एसबीआई के साथ समझौता

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एमएमटीसी ने सरकार द्वारा ढाले गए 'भारतीय स्वर्ण सिक्का' की बिक्री के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ समझौता किया है।

- एमएमटीसी ने इस सिक्के को बेचने के लिए पहले ही आधा दर्जन बैंकों से साझेदारी की है और अब तक एक लाख सिक्के बेचे हैं। कंपनी ने अगले कुछ साल में पांच लाख सिक्के बेचने का लक्ष्य रखा है।
- यह सिक्के पांच, दस और बीस ग्राम की माप में उपलब्ध हैं।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

• मुख्यालय: मुंबई

• स्थापना: 1955

• अध्यक्ष: अरुंधति भट्टाचार्य

34.वाल्स के इस्तीफे के बाद बर्नार्ड केजेनूव बने फ्रांस के प्रधानमंत्री

राष्ट्रपति पद के चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने की खातिर फ्रांसीसी प्रधानमंत्री मैनुअल वाल्स ने इस्तीफा दे दिया है।

- उनकी जगह फ्रांस के गृहमंत्री बर्नार्ड केजेनूव को नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया। छह महिने बाद विधायी चुनाव होंगे तब तक सरकार की कमान वही संभालेंगे।

<u>फ्रांस</u>

• राजधानी: पेरिस

• मुद्रा: यूरो

35.वान डेर बेलेन ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति चुनाव जीते

प्रसारक ओआरएफ द्वारा किए गए एक एक्जिट पोल के अनुसार, स्वतंत्र उम्मीदवार अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन को मतदान के 53.3 प्रतिशत मत जीतने के बाद ऑस्ट्रिया का अगला राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया है।

- दक्षिणपंथी उम्मीदवार नॉर्बर्ट होफर जिनको कुल मतों का 46.7 प्रतिशत मिला, ने इस बात की पुष्टि है कि वह परिणाम को चुनौती नहीं देंगे तथा उन्होनें हार मान ली है।

ऑस्ट्रिया

• राजधानी: वियना

• मुद्रा: यूरो

36. शौकत मिर्जियोएव बने उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति

उज़्बेकिस्तान के अंतरिम नेता शौकत मिर्जियोएव ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है। वह स्वर्गीय इस्लाम करीमोव की जगह लेंगे।

- केंद्रीय चुनाव आयोग ने कहा कि मिर्जियोएव ने कुल मतों का 88.6% हासिल किया।

उज़्बेकिस्तान

• राजधानी: ताशकन्द

• मुद्रा: सोम

37. बी एस भुल्लर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रमुख नियुक्त

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बी एस भुल्लर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) का प्रमुख नियुक्त किया गया।

- 1986 बैच के आईएएस अधिकारी भुल्लर वर्तमान में नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पद पर कार्यरत हैं।
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रमुख का पद पिछले कुछ माह से रिक्त था। इस पद पर एम सत्यवती थीं। उन्हें जुलाई 2016 में केन्द्रीय श्रम सचिव नियुक्त किये जाने से ही यह पद खाली था।

38. जस्टिस जेएस खेहर होंगे भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस जगदीश सिंह खेहर भारत के अगले तथा पहले सिक्ख मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे। अगले साल 4 जनवरी 2017 को भारत के राष्ट्रपति उन्हें सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाएंगे।

- वर्तमान सीजेआई जस्टिस टीएस ठाकुर 3 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं।
- सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस टीएस ठाकुर ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अगले सीजेआई के रूप में जस्टिस खेहर के नाम की अनुशंसा की है।
- वह 4 जनवरी 2017 से 4 अगस्त 2017 तक सीजेआई के पद पर रहेंगे।

39. अर्जेन्टीना ने महिला हॉकी जूनियर विश्व कप खिताब जीता

अर्जेन्टीना ने फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स को हराकर महिला हॉकी जूनियर विश्व कप-2016 खिताब जीत लिया।

- चिली के सैंटियागो में आयोजित महिला हॉकी जूनियर विश्व कप टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अर्जेन्टीना ने नीदरलैंड्स को 4-2 से मात दी।
- टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया ने स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से मात देकर कांस्य पदक हासिल किया।

अर्जेंटीना

- **राजधानी: ब्यूनस आयर्स**
- **मुद्रा: पेसो**

40. भारत के पूर्व डिफेंडर और कोच सैयद अब्दुस सलाम का निधन

भारत के पूर्व डिफेंडर और कोच सैयद अब्दुस सलाम का हैदराबाद में निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1956 मेलबर्न ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया था। वे 77 वर्ष के थे।

- क्लब स्तर पर सलाम ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग का प्रतिनिधित्व किया था तथा कलकत्ता फुटबाल लीग और आईएफए शील्ड दोनों में टीम की अगुवाई की थी।

41. चो रामास्वामी का निधन

सी.रामास्वामी के नाम से जाने जाने वाले मशहूर ऐक्टर, एडिटर, राजनीतिक विश्लेषक और तमिल पत्रिका 'तुगलक' के संपादक चो रामास्वामी का 7 दिसंबर 2016 को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।

- चो रामास्वामी को शानदार पत्रकारिता के लिए बी डी गोएनका पुरस्कार भी मिला था। उन्हें वाजपेयी सरकार में राज्यसभा के लिए भी नॉमिनेट किया गया था।

42. फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिये 1.25 मिलियन डॉलर देगा भारत

मध्य-पूर्व क्षेत्र में नाजुक स्थिति और संघर्ष पर चिंता जताते हुए भारत ने फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी को 1.25 मिलियन डॉलर देने का वादा किया है।

- जॉर्डन, लेबनान, सीरिया, वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी 65 साल से 53 लाख फिलीस्तीनी शरणार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, राहत और सामाजिक सेवाएं और आपातकालीन मानवीय सहायता उपलब्ध करवा रही है।

फिलिस्तीन

- **राजधानी:** यरूशलेम
- **मुद्रा:** यह मुद्रा के रूप में दिनार, शेकेल, पौंड का उपयोग करता है।

43. पीसा परीक्षण: वैश्विक शिक्षा रैंकिंग में सिंगापुर शीर्ष पर

सिंगापुर के छात्र गणित, पढ़ने और विज्ञान के क्षेत्र में पीसा परीक्षण में शीर्ष पर रहे जिसके चलते सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रैंकिंग में सबसे आगे है।

- अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी मूल्यांकन कार्यक्रम (पिसा) गणित, पढ़ने और विज्ञान के क्षेत्र में 15 साल तक के बच्चों द्वारा दिये गये अंतर्राष्ट्रीय परीक्षणों के आधार पर शिक्षा रैंकिंग प्रदान करता है।

सिंगापुर

- **राजधानी: सिंगापुर**
- **मुद्रा: डॉलर**

44. पीएसएलवी-सी36 द्वारा रिसोर्ससैट -2ए रिमोट सेंसिंग उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

अपनी 38वीं उड़ान (पीएसएलवी-सी36) में, इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा से 1,235 किलो भार के रिसोर्ससैट -2ए उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रेक्षपण किया।

- यह पीएसएलवी का लगातार 37वां सफल मिशन है।
- अपने पूर्ववर्ती रिसोर्ससैट -1 और 2 की तरह रिसोर्ससैट -2ए भी विशिष्ट थ्री-टियर टायर इमेजिंग प्रणाली और उन्नत वाइड फील्ड सेंसर (एडब्ल्यूएफएस) रैखिक इमेजिंग सेल्फ स्कैनर -3 (एलआईएसएस-3) और रैखिक इमेजिंग सेल्फ स्कैनर-4 (एलआईएसएस- 4) कैमरों से युक्त है।

45. भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ -2016) का उद्घाटन

आईआईएसएफ-2016 का आयोजन सीएसआईआर के नई दिल्ली स्थित नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री(एनपीएल) के परिसर में 7 से 11 दिसंबर 2016 तक किया जा रहा है।

- भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) विज्ञान से संबंधित एक बड़ा कार्यक्रम है जिसकी अवधारणा गत वर्ष बनाई गई थी। पहला भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 4 से 8 दिसंबर 2015 तक दिल्ली आईटीआई में आयोजित किया गया था। इस महोत्सव में चार लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया था।
- यह बहुत ही सफल आयोजन था और महोत्सव में 2000 स्कूलों के छात्रों द्वारा सबसे बड़ा विज्ञान प्रायोगिक पाठ संचालित करा कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी अपना नाम दर्ज कराया गया था।

46. रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

आरबीआई ने नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस तरह, रेपो रेट 6.25 फीसदी पर ही बरकरार है।

- हालांकि आरबीआई ने 100 फीसदी अतिरिक्त सीआरआर का फैसला वापस लेने का एलान किया है जिसे पिछले महिने के अंत में लागु किया था।
- आरबीआई ने वित्त वर्ष 2016-17 में ग्रोथ का अनुमान भी 7.6% से घटाकर 7.1% कर दिया।

भारतीय रिजर्व बैंक

- **स्थापना: 1935**
- **गवर्नर : उर्जित पटेल**
- **मुख्यालय: मुंबई**

47. अबू धाबी के नेशनल बैंक और फर्स्ट गल्फ बैंक के विलय को मंजूरी

अबू धाबी के बैंकों दो के शेयरधारकों ने 178 बिलियन डालर की संपत्ति के साथ सभी खाड़ी अरब देशों के बीच सबसे बड़े बैंक को बनाने के लिये उनके विलय को मंजूरी दे दी।

- अबू धाबी नेशनल बैंक और फर्स्ट गल्फ बैंक के शेयरधारकों ने विलय को मंजूरी दी।
- सौदे की शर्तों के तहत, संयुक्त बैंक NBAD के नाम से जाना जाएगा।

48. 100 बैंक प्रत्यक्ष सदस्यों के रूप में राष्ट्रीय वित्तीय स्विच नेटवर्क में शामिल

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा है कि 100 बैंक प्रत्यक्ष सदस्यों के रूप में राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (एनएफएस) नेटवर्क में शामिल हो गए हैं।

- एनएफएस देश में सबसे बड़ा एटीएम नेटवर्क है और यह घरेलू अंतरबैंक एटीएम लेनदेन के 95 प्रतिशत से अधिक को मैनेज करता है।
- नेटवर्क के अब 2,30,000 एटीएम हैं।
- प्रत्यक्ष सदस्यों उन बैंकों को कहा जाता जो कि सीधे क्लीयरिंग और सेटलमेंट में एनपीसीआई के साथ भाग लेते हैं।
- प्रत्यक्ष सदस्य बैंक एक प्रायोजक बैंक के रूप में भी कार्य कर सकते हैं।

49. पेटीएम ने ऑफलाईन मनी ट्रांसफर के लिये टोल-फ्री नम्बर लांच किया

पेटीएम उपयोगकर्ता अब इंटरनेट कनेक्शन के बिना भी इसकी सेवा का उपयोग कर सकते है।

- इसने एक टोल फ्री नंबर 180018001234 शुरू किया है जिसके माध्यम से गैर स्मार्ट फोन उपयोगकर्ता अपने पेटीएम वॉलेट के माध्यम से लेनदेन कर सकते हैं।

50. RXIL को ट्रेड रिसीवेबल एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी

रिजर्व बैंक ने एमएसएमई, खरीददारों और फाइनेंसरों के लिए देश का पहला ट्रेड रिसीवेबल एक्सचेंज प्लेटफॉर्म शुरू करने के लिए रिसीवेबल एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (RXIL) को अधिकृत किया है।

- सिडबी द्वारा प्रचारित, RXIL के अन्य निवेशकों में भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, एसबीआई कैप्स, और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज शामिल है।

51. आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल ने देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी के लिए करार किया

इंडियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन ने पश्चिमी तट पर 30 अरब डालर की लागत से देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी की स्थापना के लिए करार पर दस्तखत किए हैं।

- अधिकारियों ने बताया कि तीनों कंपनियों ने महाराष्ट्र में 6 करोड़ टन सालाना की रिफाइनरी के लिए करार किया है। इस गठजोड़ में आईओसी प्रमुख कंपनी होगी।
- परियोजना में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी आईओसी के पास रहेगी। शेष 25-25 प्रतिशत हिस्सेदारी बीपीसीएल तथा एचपीसीएल के पास होगी।

52. महिला ई-हाट का भारतीय डाक, स्टेट बैंक से समझौता

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय डाक के साथ समझौता किया है ताकि 'महिला ई-हाट' से खरीदारी करने वालों को भुगतान के अधिक विकल्प मिल सकें और सामानों की डिलीवरी को आसान बनाया जा सके। 'महिला ई-हाट' महिला उद्यमियों के लिए बनाया गया एक ऑनलाइन मार्केटिंग मंच है।

- इस समझौते के तहत स्टेट बैंक के ग्राहक ड्राफ्ट, चेक, ई-बैंकिंग और ई-वालेट का उपयोग करके इस मंच से खरीदारी कर सकते हैं।
- इसके अलावा भारतीय डाक के साथ समझौते से महिला उद्यमियों को अपने सामान की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।

53. कॉर्पोरेशन बैंक को बेस्ट एमएसएमई बैंक अवार्ड

कॉरपोरेशन बैंक ने एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा स्थापित बेस्ट एमएसएमई बैंक अवार्ड 2016 हासिल किया है।

- विजया बैंक को एसोचैम से 'एसएमई ऋणों के लिए बेस्ट बैंक' पुरस्कार मिला है। बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए 'बेस्ट एसएमई ऋण' श्रेणी के तहत पुरस्कार हासिल किया है।
- यह पुरस्कार नई दिल्ली में चौथे एसएमई उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में प्रस्तुत किए गए।

कॉर्पोरेशन बैंक

- **स्थापना: 1906**
- **मुख्यालय: मंगलौर**
- **टैगलाइन: अ प्रिमियर पब्लिक सेक्टर बैंक**
- **सीईओ: जय कुमार गर्ग**

विजया बैंक

- **स्थापना: 1931**
- **मुख्यालय: बेंगलुरू**
- **टैगलाइन: अ फ्रेंड यू कैन बैंक ऑन**
- **सीईओ: किशोर कुमार सांसी**

54. बीईएमएल को सीआईआई राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार

रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाली बीईएमएल लिमिटेड को प्रतिष्ठित 'सीआईआई राष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार 2016' के साथ सम्मानित किया गया है। पुरस्कार की स्थापना संयुक्त रूप से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और निर्यात आयात बैंक (एक्जिम) द्वारा की गई है।

- बीईएमएल ने विभिन्न EFQM मॉडल (यूरोपीयन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट) और परिणाम प्राप्त करने के लिए पुरस्कार जीता।

55. हेलन मार्टिन को टर्नर प्राईज 2016

हेलेन मार्टिन ने टर्नर पुरस्कार 2016 जीता है, और कहा है कि वह अपने साथी प्रत्याशियों के साथ £25,000 पुरस्कार साझा करना चाहती है।

- शॉर्टलिस्ट किये गये प्रत्याशियों में सबसे कम उम्र की मार्टिन ने अपने काम के लिए मूर्तिकला, स्क्रीन प्रिंटिंग और लेखन का उपयोग किया है।
- प्रतिष्ठित पुरस्कार से 50 वर्ष की आयु तक के एक ब्रिटिश कलाकार को सम्मानित किया जाता है।

56. डोनाल्ड ट्रंप बने 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर'

अमेरिका में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले डोनाल्ड ट्रंप को टाइम पत्रिका ने 'पर्सन ऑफ द ईयर-2016' चुना है।

- पत्रिका के ऑनलाइन सर्वेक्षण में मोदी रीडर्स पोल 2016 के विजेता बने थे।
- टाइम पत्रिका हर साल खबरों को प्रभावित करने वाले किसी व्यक्ति को पर्सन ऑफ द ईयर चुनती है।

57. अमेरिका ने भारत को दिया 'प्रमुख रक्षा साझेदार' का दर्जा

अमेरिका ने भारत को औपचारिक रूप से अपने 'प्रमुख रक्षा साझेदार' का दर्जा दिया है।

- अमेरिकी रक्षा मंत्री एश्टन कार्टर की नई दिल्ली यात्रा के दौरान दोनों देशों ने संयुक्त बयान जारी कर इसकी घोषणा की।

<u>अमेरिका</u>

- **मुद्रा: डॉलर**
- **राजधानी: वाशिंगटन डीसी**

58. भारत आतंकवाद के शिकार देशों में सातवें स्थान पर

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया स्थित इंस्टीट्युट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2016 के अनुसार भारत 2015 में आतंकवाद के शिकार देशों में सातवें स्थान पर है।

- वर्ष 2015 में भारत में 797 आतंकी हमले हुए जो 2014 की तुलना में 4 फीसदी ज्यादा है।
- वर्ष 2015 में इराक में सर्वाधिक 2,415 आतंकी हमले हुए जबकि अफगानिस्तान व नाईजीरिया क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

59. पेट्रोल पंप और रेलवे सहित कई जगहों पर कैशलेस भुगतान करने पर छूट

वेबसाइटों के जरिये सार्वजनिक बीमा कंपनियों की साधारण पॉलिसी के प्रीमियम के भुगतान पर 10 प्रतिशत की और एलआईसी की नई जीवन बीमा पॉलिसी के प्रीमियम के भुगतान पर 8 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

- रेलवे के मासिक टिकटों की खरीद भी इसी तरीके से करने पर आने वाली एक जनवरी से 0.5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- ऑनलाईन रेलवे टिकट बुक किए जाने पर उन्हें 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा अलग से दिया जाएगा।

- डिजिटल तरीके से पेट्रोल पंपों पर भुगतान करने वाले ग्राहकों को 0.75 प्रतिशत की रियायत मिलेगी।

60. सूचना और प्रसारण मंत्री एम वेंकैया नायडू सिमकॉन 2016 की अध्यक्षता करेंगे

राज्यों के सूचना मंत्रियों के 28वें सम्मेलन का आयोजन 09 और 10 दिसंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

- सूचना और प्रसारण मंत्री एम वेंकैया नायडू 10 दिसंबर को सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

- दो दिन इस सम्मेलन से केंद्र और राज्यों के बीच प्रसार प्रक्रिया में साझेदारी को बढावा मिलेगा और लोगों को कारगर तरीके से सूचना मिलेगी। सम्मेलन से फिल्मों, प्रसारण तथा सूचना क्षेत्र में विशेष सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा।

61. नाबार्ड हर गांव में दो पीओएस लगायेगा

नकदरहित अर्थव्यवस्था को बढाने के उद्देश्य से नाबार्ड बैंकों को हर 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांव में दो पीओएस यानी प्वाइंट ऑफ सेल लगाने में सहायता देगा। ऐसे करीब एक लाख गांवों का चयन किया जाएगा।

- इसमें नाबार्ड को लगभग 120 करोड का खर्चा होगा।
- इसके अलावा, नाबार्ड अब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों के ईएमवी चिप और पिन आधारित रूपे किसान कार्ड से खरीद को समर्थन देगा।

नाबार्ड

- **स्थापना: 1982**
- **मुख्यालय: मुंबई**
- **अध्यक्ष: हर्ष कुमार भानवाला**

62. जस्टिस साकिब निसार होंगे पाकिस्तान के अगले प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने जस्टिस मियां साकिब निसार को देश का अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है। वह पाकिस्तान के 25वें प्रधान न्यायाधीश होंगे।

- निसार प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनवर जहीर जमाली की जगह लेंगे।

पाकिस्तान

- **राजधानी: इस्लामाबाद**
- **मुद्रा: रुपया**

63. कर्नाटक बैंक को एमएसएमई अवार्ड

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम), नई दिल्ली द्वारा कर्नाटक बैंक को 'सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक अवार्ड (निजी क्षेत्र) 2016' प्रदान किया गया।

- कर्नाटक बैंक के महाप्रबंधक रघुराम ने नई दिल्ली में एमएसएमई राज्य मंत्री हरिभाई पारथीभाई चौधरी से पुरस्कार प्राप्त किया।

कर्नाटक बैंक

• स्थापना: 1924

• मुख्यालय: मंगलुरु

64. पीटर गिलक्रिस्ट ने विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप ख़िताब जीता

बेंगलुरु में आयोजित आइबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में पीटर गिलक्रिस्ट ने सौरव कोठारी को हराकर विश्व चैंपियनशिप ख़िताब जीता। गिलक्रिस्ट ने सौरव को 1500-617 स्कोर से हराया।

- फाइनल मुकाबले से पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सौरव कोठारी ने भारत के ही विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और ध्वज हरिया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

65. 10 दिसंबर: मानवाधिकार दिवस

विश्वभर में 10 दिसंबर 2016 को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

- इस वर्ष इसकी थीम **"Stand up for someone's rights today"** है।

66. 9 दिसंबर: अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस

विश्व भर में 9 दिसंबर 2016 को अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया गया।

- इस वर्ष इस दिवस की थीम **‘United against corruption for development, peace and security’** है।

67. अंग्रेजी दुनिया की सबसे शक्तिशाली भाषा: विश्व आर्थिक मंच

विश्व आर्थिक मंच ने एक Power Language Index (PLI) 2016 तैयार किया है जिसके अनुसार अंग्रेजी दुनिया की सबसे शक्तिशाली भाषा है।

- इस सूचकांक में हिंदी भाषा को 10वां स्थान दिया गया है।
- दुनिया की सबसे शक्तिशाली भाषाओं में मन्दारिन दूसरे तथा फ्रेंच तीसरे स्थान पर है।

विश्व आर्थिक मंच

• स्थापना: 1971

• मुख्यालय: कोलोनी, स्विट्ज़रलैंड

68. पाकिस्तान ने भारतीय कपास से हटाया ‘अघोषित’ प्रतिबंध

आयातकों द्वारा भारत से कपास के आयात में क्वैरेंटाइन नियमों का उल्लंघन करने का हवाला देते हुए 10,000 कपास गांठ की एक खेप नामंजूर करने के एक दिन बाद पाकिस्तान ने भारत से कपास के आयात पर ‘अघोषित’ प्रतिबंध को समाप्त कर दिया।

- डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत आने वाले पौध संरक्षण विभाग (डीपीपी) ने वाघा सीमा और कराची बंदरगाह के माध्यम से भारत से आयातित कपास को 23 नवंबर को सीमा पर ही रोक दिया था। विभाग के मुताबिक ये खेप पौध संगरोध एवं प्रमाणन नियमों का उल्लंघन करके मंगाई गई थी।
- भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान ने वहां से आई 33 लाख डॉलर मूल्य की 10,000 कपास गांठ की एक खेप नामंजूर कर थी।
- पिछले साल पाकिस्तान ने 80 करोड़ डॉलर मूल्य का कपास आयात किया था जो भारत के कपास निर्यात का दो तिहाई हिस्सा है।

पाकिस्तान

- **मुद्रा: रुपया**
- **राजधानी: इस्लामाबाद**

69. अल-अजहर विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा भारत

भारत मिस्र के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित अल-अजहर विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा। इस केंद्र की स्थापना दोनों देशों के बीच शिक्षा में सहयोग को बढ़ाने के प्रयास के तहत की जाएगी।

- भारत के प्रमुख कंप्यूटर आईटी संगठनों में से एक 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग' सी-डैक का एक दल इस साल की शुरूआत में मिस्र गया था और उन्होंने केंद्र की स्थापना पर चर्चा के लिए अल-अजहर विश्वविद्यालय के आईटी विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के लोगों के साथ मुलाकात की।
- काहिरा में भारत के राजदूत ने बताया कि इस परियोजना का पूरा खर्च भारत सरकार उठाएगी।

मिस्र

- **राजधानी: काहिरा**
- **मुद्रा: पाउंड**

70. केरल के मुख्यमंत्री ने हरित केरलम अभियान की शुरुआत की

केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने तिरुवनंतपुरम से हरित केरलम अभियान की शुरुआत की है।

- यह राज्य को स्वच्छ बनाने, अपने जल स्रोतों और मिट्टी की रक्षा के लिए एक व्यापक कार्यक्रम है।
- प्रख्यात गायक और पार्श्व गायक के जे येसुदास मिशन के ब्रांड एंबेसडर है।

केरल

- **राजधानी: तिरुवनंतपुरम**
- **राज्यपाल: पी सदाशिवम**

71. एसबीआई ने एसबीआई लाइफ में 3.9 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,794 करोड़ रुपये में बेची

भारतीय स्टेट बैंक ने अनुषंगी कंपनी एसबीआई लाइफ में अपनी 3.9 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,794 करोड़ रुपये में वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर और टेमासेक को बेच दी।

- एसबीआई ने कहा कि उसके केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारी समिति की बैठक में बीमा अनुषंगी में 3.9 प्रतिशत हिस्सेदारी या 3,90,00,000 इक्विटी शेयर 460 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर बेचने की मंज़ूरी दी है।
- एसबीआई के पास एसबीआई लाइफ की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बीएनपी परिबा कार्डिफ के पास शेष 26 प्रतिशत हिस्सा है।

<u>स्टेट बैंक ऑफ इंडिया</u>

• स्थापना: 1955

• मुख्यालय: मुंबई

• अध्यक्ष: अरुंधति भट्टाचार्य

72. केनरा बैंक ने पेश किया प्रीपेड कार्ड

केनरा बैंक ने नकदी रहित भुगतान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रीपेड कार्ड पेश किया गया है जो छोटे मूल्य के लेनदेन में नकद भुगतान की जगह लेगा।

- कार्डधारक प्रीपेड कार्ड के जरिये नकदी निकासी, पाइंट आफ सेल या इंटरनेट के जरिये खरीद को कर सकेंगे।
- कार्डधारक अपनी जरुरत के अनुसार कार्ड को प्रीफंड कर सकते हैं।

<u>केनरा बैंक</u>

• स्थापना: 1906

• मुख्यालय: बेंगलुरू

• अध्यक्ष: टीएन मनोहरन

73. डिजिशाला: डिजिटल पेमेंट के प्रचार के लिये नया TVचैनल

कैशलेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नए चैनल को लांच किया। चैनल का नाम डिजिशाला रखा गया है।

- इसका संचालन दूरदर्शन तथा पिग्गीबैक द्वारा किया जायेगा।
- साथ ही लोगों को डिजिटल भुगतान के बारे में शिक्षित करने के लिए 'कैशलेस इंडिया' वेबसाइट भी शुरू की गई है।

74. वीना मानकर आईडीएफसी बैंक की गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त

आईडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल ने गैर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सुश्री वीना मानकर की नियुक्ति को मंज़ूरी दे दी है। वह 26 जुलाई 2018 तक इस पद पर रहेंगी।

- उनकी नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के अधीन है।

आईडीएफसी बैंक

- **स्थापना: 2015**
- **मुख्यालय: मुंबई**
- **सीईओ एवं प्रबंध निदेशक: राजीव बी लाल**

75. घाना में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में जीते नाना अकुफो एडो

घाना के मुख्य विपक्षी नेता नाना अकुफो-एडो ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिये राष्ट्रपति चुनाव जीता है।

- देश के चुनाव आयोग ने कहा अकुफो-एडो को 53.8% माता प्राप्त हुए जबकि 44.4% वोट के साथ जॉन महामा दूसरे स्थान पर रहे।
- महामा तत्कालीन नेता की अचानक मौत के बाद जुलाई 2012 में राष्ट्रपति बने थे।

घाना

- **राजधानी: अक्करा**
- **मुद्रा: सेडी**

76. विस्तार ने पूर्व सेबी प्रमुख को चैयरमेन व निदेशक नियुक्त किया

प्रमुख एनबीएफसी विस्तार फाईनेंस सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड ने पूर्व सेबी प्रमुख सीबी भावे को गैर कार्यकारी चैयरमेन व स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है।

- उनकी नियुक्ति 17 नवंबर 2016 से प्रभावी मानी जायेगी।
- भावे ने फरवरी 2008 से तीन वर्ष के लिये सेबी प्रमुख के तौर पर कार्य किया था।

77. पहली बार पृथ्वी की कक्षा में जाने वाले अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉन ग्लेन का निधन

दुनिया को पहली बार पृथ्वी की कक्षा के बारे में बताने वाले अंतरिक्ष यात्री जॉन ग्लेन का 95 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 24 वर्ष अमेरिका के सीनेटर भी रहे।

- उनका निधन ओहियो यूनिवर्सिटी के जेम्स कैंसर सेंटर, कोलंबस, ओहियो में हुआ।